an>

Title: Need to include Bhojpuri language in the Eighth Schedule to the Constitution.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): भोजपुरी भाÂ◌ा◌ा भारत सहित विश्व के विभिन्न हिस्सों में बोली जाने वाली एक बेहद लोकप्रिय भाÂ◌ा◌ा है। पूरे विश्व में भोजपुरी जानने वालों की संख्या 5 करोड़ से अधिक है। भारत में मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर (बिहार) के अंतर्गत पड़ने वाले पूर्वी चम्पारण जिले सहित पूरे पश्चिम बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उत्तरी झारखण्ड में भोजपुरी भाÂ◌ा◌ा प्रमुख भाÂ◌ा◌ा के रूप में जानी जाती है। भारत की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग साढ़े तीन करोड़ भोजपुरी भाÂ◌ा◌ाळ हैं। भोजपुरी समाज देश निर्माण एवं कला-संस्कृति को हमेशा बढ़ाते रहे हैं। परंतु अफसोस के साथ मुझे यह कहना पड़ रहा है कि इतनी लोकप्रिय भाÂ◌ा◌ा भोजपुरी को अभी तक संविधान की आठवीं सूची में शामिल नहीं किया गया है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि पिछली यूपीए सरकार ने भोजपुरी भाÂ◌ा◌ा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने का आश्वासन दिया था, परंतु आश्वासन देने के बावजूद भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। अब जबकि माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार आई है तो सभी भोजपुरी भाÂ◌ा◌ाळ को यह विश्वास हो चला है कि 50 वÂ◌ा◌ा◌ें से भी अधिक पुरानी मांग को मानते हुए भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर लिया जाएगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भोजपुरी भाÂ◌ा◌ा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने के लिए अविलम्ब समुचित कदम उठाए जाएं ताकि भोजपुरी समाज गर्वित महसूस कर सके।